BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-06.09.2024**

◆जनपदवासियों को भदोही पुलिस की तरफ से बड़ा तोहफा

◆विभिन्न कम्पनियों के कुल-121 गिरे/खोये मल्टीमीडिया मोबाइल सेट बरामद

◆बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत ₹21,00,000/-(21 लाख रूपये)

◆पूर्व में दिनांक 26.04.2024 को 101 मल्टीमीडिया मोबाइल अनुमानित कीमत 18 लाख रुपए व दिनांक 31.12.2023 को 152 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमती करीब 25 लाख रुपए बरामद कर वास्तविक स्वामियों को किया गया है सुपुर्द

◆एसओजी/स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली बड़ी कामयाबी

◆पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा पुलिस लाईन में बरामदशुदा मोबाइलों को उनके स्वामियों को किया गया वितरित

◆अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे

◆भदोही पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए किया हृदय से धन्यवाद

भदोही पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 121 अदद गिरे/खोये विभिन्न कंपनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद, बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 21 लाख रूपये।

डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त खोये/गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए एसओजी/स्वाट/सर्विलांस की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। मोबाईल फोन की बरामदगी हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों **के कुल-121 मल्टीमीडिया मोबाइल कीमती लगभग 21 लाख रूपये** बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

आज दिनांक-06.09.2024 को पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाईन, ज्ञानपुर सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

◆पूर्व में दिनांक 26.04.2024 को 101 मल्टीमीडिया मोबाइल अनुमानित कीमत 18 लाख रुपए व दिनांक 31.12.2023 को 152 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमती करीब 25 लाख रुपए बरामद कर वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया है।

कुल बरामदगी-

121 अदद विभिन्न कंपनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमती लगभग-21 लाख रूपये।

~~प्राप्त प्रार्थना पत्र के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही व क्राइम ब्रांच भदोही की टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

टीम में शामिल रहने वालों में-

उ0नि0 मो0 शाबान प्रभारी एसओजी/स्वाट/सर्विलांस टीम, हे0का0 इमरान खान, हे0का0 नरेन्द्र सिंह, हे0का0 तुफैल अहमद, हे0का0 उपेन्द्र चन्देल, हे0का0 धीरेंद्र श्रीवास्तव, हे0का0 इंदु प्रकाश, हे0का0 नागेंद्र यादव, का0 मन्नू सिंह का0 दीपक यादव, का0 सुनील पाल, का0 सुनील कन्नौजिया, का0 गोपाल खरवार व का0 प्रत्युष पाठक स्वाट टीम जनपद भदोही